(113)

न्यायालय श्री मान् राजस्व मण्डल म0प्र0 ग्वालियर सर्किट कोट रीवा म0प्र0

R 30/-



5 रु. Rs.5 भारत INDIA पाँच रुपये FIVE RUPEES | COURT FEE कोर्ट फी

R 5539-II/16/-

1- अम्बर प्रसाद तनय स्व0 बृजभान राम ब्रा0

2- त्रिमूर्ति प्रसाद तनय स्व0 बृजभान राम ब्रा0

3- महात्मा प्रसाद तनय स्व0 बृजभानराम ब्रा0

सभी निवासी ग्राम पिपरवार तहसील मऊगंज जिला रीवा म0प्र0

अधि0 श्री महेशदयाल उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत / 22-12-16

.... आवेदक गण

विरुद्ध

1- जगजाहिर प्रसाद
2- शेषमणि
3- रामनरेश
4- दिनेश चन्द्र

} पुत्र गण स्व0 श्री कृष्ण ब्राम्हण

5- मुस0 श्रद्धा बेवा पत्नी स्व0 सुरेश पाण्डेय

6- विभव
7- गौरव

} दोनो पुत्र गण स्व0 सुरेश पाण्डेय

सभी निवासी ग्राम पिपरवार तहसील मऊगंज जिला रीवा म0प्र0

..... अनावेदक गण

निगरानी विरुद्ध आदेश अपर आयुक्त रीवा संभाग रीवा दिनांक 5.11.2016 ई0 जो कि रा.प्र.क्र. 112/अपील/16-17 मे पारित किया गया है। और जिसके द्वारा अपीलार्थी गण की अपील निरस्त की गई है, अन्तर्गत धारा 50 म0प्र0 भू. रा.

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

आदेश पृष्ठ

भाग – अ

प्रकरण कमांक निगरानी 5539–दो/2016 जिला रीवा

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही अथवा आदेश	पक्षकरों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
15–5–2017	आवेदकगण द्वारा यह निगरानी अपर आयुक्त रीवा के प्रकरण कमांक 112/अपील/2016–17 में पारित आदेश दिनांक 5–11–2015 के विरूद्ध प्रस्तुत की है। प्रश्नाधीन आदेश की सत्यापित प्रति के अवलोकन से स्पष्ट है कि आवेदकगण द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपर आयुक्त के समक्ष समयबाधित अपील प्रस्तुत की। अपर आयुक्त द्वारा निकाला गया निष्कर्ष प्रथमदृष्टया उचित प्रतीत होता है कि जब आवेदक के तर्क सुने के बाद प्रकरण दिनांक 13–4–15 को नियत कर आदेश पारित किया गया था तथा जानकारी होने के बाद अपील विलम्ब से प्रस्तुत की गई है। इसी कारण अपर आयुक्त आवेदक द्वारा म्याद अधिनियम की धारा 5 का आवेदन निरस्त कर प्रकरण ग्राह्यता के स्तर पर ही अपील खारिज की है। विलम्ब का समाधानकारक कारण दर्शाने पर ही उसे माफ किया जा सकता है। अपर आयुक्त द्वारा पारित आदेश में कोई वैधानिक त्रुटि परिलक्षित नहीं होती है। दर्शित परिस्थितियों में यह निगराधीन प्रथमदृष्टया आधारहीन होने से ग्राह्यता के स्तर पर ही निरस्त की जाती है। पक्षकार सूचित हो। प्रकरण दाखिल रिकार्ड हो। (एस0एस0 अली) सदस्य	